महत्त्वपूर्ण सूचना

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,

संतोष मैन्शन, बी0 ब्लॉक, आर0पी0एस0 विधि महाविद्यालय के निकट,
रघुनाथ पथ, पटना – 801503
(वेबसाईट – www.bpssc.bih.nic.in)

संदर्भः विज्ञापन संख्या–01/2019

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, बिहार, पटना द्वारा पुलिस अवर निरीक्षक, परिचारी, सहायक अधीक्षक कारा (सीधी भर्ती) एवं सहायक अधीक्षक कारा (भूतपूर्व सैनिक) की 2446 रिक्तियों के विरूद्ध जारी किये गये विज्ञापन संख्या–01/2019 के आलोक में आयोजित करायी गयी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं शारीरिक जॉँच–माप परीक्षण के उपरांत अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची दिनांक–17.06.2021 को प्रकाशित की गयी थी ।

उक्त विज्ञापन के अंतर्गत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों का प्राप्तांक आयोग की वेबसाईट पर दिनांक–01.08.2021 से उपलब्ध करा दिया गया है ।

प्राप्तांक प्रकाशित होने के पश्चात कुछ अभ्यर्थियों द्वारा आयोग में अपना अभ्यावेदन समर्पित किया गया है जिसमें यह कहा गया है कि उनका प्राप्तांक Cut-off से अधिक है फिर भी उनका चयन नहीं हुआ और उन्होंने इसका कारण जानना चाहा है । इन अभ्यर्थियों के Marks Sheet के Remarks Column में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि "Not selected for the post of PSI/ASJ. Unfit for the post of Sergeant." इसका अर्थ है कि इन अभ्यर्थियों का प्राप्तांक पुलिस अवर निरीक्षक एवं सहायक अधीक्षक कारा के पद पर चयनित अभ्यर्थियों से कम है इसलिए इनका चयन इन दोनों पदों पर नहीं हुआ । साथ ही ये अभ्यर्थी सार्जेन्ट की शारीरिक दक्षता परीक्षा में Fail हैं इसलिए इनका चयन सार्जेन्ट के पद पर भी नहीं हो सका । इन अभ्यर्थियों का प्राप्तांक Cut-off से अधिक है लेकिन ये सभी सार्जेन्ट की दक्षता परीक्षा में Fail हैं । ऐसे कुल 2341 अभ्यर्थी हैं जिनका प्राप्तांक Cut-off से अधिक है ।

उल्लेखनीय है कि विज्ञापन संख्या **01/2019** के अंतर्गत संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करायी गयी थी जिसमें नियमानुसार मात्र एक ही Cut-off दिया जाता है जो न्यूनतम होता है । अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग Cut-off नहीं दिया जाता है ।

विशेष कार्य पदाधिकारी,
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
बिहार, पटना ।